932 **825(BR)**

# 2019

# सामाजिक विज्ञान

( ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत, पर्यावरणीय अध्ययन, नागरिक जीवन एवं आर्थिक विकास )

समय : तीन घण्टे 15 मिनट ] [ पूर्णांक : 70

**नोट :** प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं ।

*निर्देश :* i) यह प्रश्नपत्र दो खण्डों **क** एवं **ख** में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड के सभी प्रश्न एक साथ हल करना आवश्यक है। प्रत्येक खण्ड का उत्तर नए पृष्ठ से प्रारम्भ किया जाय।



Scanned with CamScanner

ii) प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं।

iii) प्रश्नपत्र में **चार** प्रकार के प्रश्न हैं — बहुविकल्पीय, अति लघु उत्तरीय, लघु उत्तरीय व विस्तृत उत्तरीय, जिनके सम्बन्ध में निर्देश उनके आरम्भ में दिये गये हैं।

iv) **क** तथा **ख** खण्डों हेतु दिये गये मानचित्रों को उत्तर-पुस्तिका में मजबूती के साथ संलग्न करना आवश्यक है।

v) दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिये मानचित्र कार्य के स्थान पर अलग से **खण्ड - क** में प्रश्न संख्या **14** तथा **खण्ड - ख** में प्रश्न संख्या **28** के उत्तर लिखने के लिये दिये गये हैं।

## खण्ड - क

### ( बहुविकल्पीय प्रश्न )

**निर्देश :** निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए :

1. कूका आन्दोलन किसने प्रारम्भ किया था ?
   (क) सन्त गुरु राम सिंह
   (ख) लाला हरदयाल
   (ग) सरदार भगत सिंह
   (घ) बाल गंगाधर तिलक। 1

2. गुट निरपेक्ष आन्दोलन का प्रथम शिखर सम्मेलन हुआ था
   (क) नई दिल्ली में
   (ख) बेलग्रेड में
   (ग) कोलम्बो में
   (घ) डरबन में। 1

3. निम्नलिखित में से पंचशील सिद्धान्त के प्रतिपादक कौन थे ?
   (क) जवाहरलाल नेहरू
   (ख) महात्मा गाँधी
   (ग) सुभाष चन्द्र बोस
   (घ) भीमराव रामजी आम्बेडकर। 1

4. रूस में क्रान्ति कब हुई थी ?

(क) 1817 ई०

(ख) 1917 ई०

(ग) 1717 ई०

(घ) 1927 ई०।

5. 'नई दुनिया' की खोज की

(क) वास्को डि गामा ने

(ख) मैगलेन ने

(ग) केल्विन ने

(घ) कोलम्बस ने।

6. राज्यसभा का पदेन सभापति होता है

(क) प्रधानमन्त्री

(ख) उप-राष्ट्रपति

(ग) राष्ट्रपति

(घ) लोकसभा का स्पीकर।



Scanned with CamScanner

## ( अति लघु उत्तरीय प्रश्न )

7. भारत में राज्यपाल की नियुक्ति कौन करता है ? उसके कार्यकाल की अवधि क्या है ? 1 + 1

8. द्वितीय विश्व युद्ध के **दो** कारण लिखिए। 1 + 1

9. अमेरिका की खोज किसने एवं कब की थी ? 1 + 1

## ( लघु उत्तरीय प्रश्न )

10. द्वितीय विश्वयुद्ध के किन्हीं **तीन** कारणों का उल्लेख कीजिए। 1 + 1 + 1

**अथवा**

औद्योगिक क्रांति के किन्हीं **तीन** कारणों का उल्लेख कीजिए। 1 + 1 + 1

11. संयुक्त राष्ट्र के **तीन** प्रमुख अंगों के नाम लिखिए। 1 + 1 + 1

**अथवा**

भारत की वर्तमान विदेश नीति की किन्हीं **तीन** विशेषताएँ बताइए। 1 + 1 + 1

( दीर्घ उत्तरीय प्रश्न )

12. भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में सुभाषचन्द्र बोस के योगदान की विवेचना कीजिए। 6

अथवा

चन्द्रशेखर आजाद कौन थे ? भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में उनकी भूमिका का उल्लेख कीजिए। 2 + 4

13. उन **तीन** परिस्थितियों को समझाइए जिनमें भारत के राष्ट्रपति अपनी आपातकालीन शक्तियों का प्रयोग कर सकता है। 2 + 2 + 2

अथवा

राष्ट्रसंघ की स्थापना क्यों की गई ? इसके प्रमुख उद्देश्यों का उल्लेख कीजिए। 2 + 4

( मानचित्र सम्बन्धी प्रश्न )

**निर्देश :** निम्नलिखित स्थानों को भारत के रेखा मानचित्र में ⊙ चिह्न द्वारा नाम सहित दर्शाइए। सही नाम तथा सही अंकन के लिये $\frac{1}{2}$, $\frac{1}{2}$ अंक निर्धारित है :

14. (i) वह नगर जहाँ इन्दिरा गाँधी की हत्या हुई थी। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(ii) वह स्थान जहाँ स्वर्ण मन्दिर स्थित है। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iii) वह स्थान जहाँ पर महात्मा गाँधी ने नमक कानून तोड़ा था। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iv) वह स्थान जहाँ प्रसिद्ध सूर्य मन्दिर स्थित है। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(v) वह जनपद जहाँ चौरी चौरा काण्ड हुआ था। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

**( केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिये मानचित्र कार्य के विकल्प के रूप में )**

**निर्देश :** निम्नलिखित प्रश्न मानचित्र कार्य के विकल्प स्वरूप हैं। इन प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए। मानचित्र का प्रयोग न कीजिए।

14. (i) इन्दिरा गाँधी की हत्या किस नगर में हुई थी ? 1

(ii) स्वर्ण मन्दिर किस नगर में स्थित है ? 1

(iii) महात्मा गाँधी ने किस स्थान पर नमक कानून तोड़ा था ? 1

(iv) प्रसिद्ध सूर्य मन्दिर कहाँ स्थित है ? 1

(v) चौरी चौरा काण्ड किस जनपद में हुआ था ? 1

## खण्ड - ख

### ( बहुविकल्पीय प्रश्न )

**निर्देश :** निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए :

15. भारत में सबसे बड़ा डेल्टा है

(क) महानदी का डेल्टा

(ख) सुन्दरवन का डेल्टा

(ग) कृष्णा नदी का डेल्टा

(घ) कावेरी नदी का डेल्टा। 1

16. चाय की खेती के लिए कौन मिट्टी उपयुक्त है ?

(क) पर्वतीय मिट्टी

(ख) लाल मिट्टी

(ग) जलोढ़ मिट्टी

(घ) लैटराइट मिट्टी। 1

17. उत्तर रेलवे का मुख्यालय कहाँ स्थित है ?

(क) दिल्ली में

(ख) कोलकाता में

(ग) मुम्बई में

(घ) अमृतसर में। 1



Scanned with CamScanner

18. वस्तु-विनिमय प्रणाली को कहते हैं

(क) प्रत्यक्ष विनिमय

(ख) अप्रत्यक्ष विनिमय

(ग) मौद्रिक विनिमय

(घ) क्रय-विक्रय। 1

19. भारत में योजना आयोग की स्थापना की गयी थी

(क) 1952 में

(ख) 1951 में

(ग) 1950 में

(घ) 1949 में। 1

20. निम्नलिखित में से कौन आधारभूत उद्योग है ?

(क) कागज उद्योग

(ख) चीनी उद्योग

(ग) लौह-इस्पात उद्योग

(घ) ऐल्युमिनियम उद्योग। 1

## ( अति लघु उत्तरीय प्रश्न )

21. भारत में वर्षा की **दो** विशेषताएँ लिखिए। 1 + 1

22. उत्तर प्रदेश में तेल-शोधनशाला कहाँ स्थित है ? उसके महत्व पर प्रकाश डालिए। 1 + 1

23. हरित क्रान्ति क्या है ? उसके लाभों का उल्लेख कीजिए। 1 + 1

## ( लघु उत्तरीय प्रश्न )

24. भारत में मृदा संरक्षण के **दो** उपायों का वर्णन कीजिए।

$1\frac{1}{2} + 1\frac{1}{2}$

**अथवा**

भारत में धीमी औद्योगिक प्रगति के लिए उत्तरदायी **तीन** प्रमुख कारणों का उल्लेख कीजिए। 1 + 1 + 1

25. विकासशील देशों की तीन विशेषताएँ लिखिए।

1 + 1 + 1

**अथवा**

लगान को परिभाषित कीजिए और रिकार्डो के लगान सिद्धान्त को स्पष्ट कीजिए। 1 + 2

## ( दीर्घ उत्तरीय प्रश्न )

26. भारतीय जलवायु को प्रभावित करने वाले छः कारकों का वर्णन कीजिए। 1 + 1 + 1 + 1 + 1 + 1

**अथवा**

प्रत्यक्ष कर क्या है ? प्रत्यक्ष कर के गुण और दोषों को लिखिए। 2 + 2 + 2

27. भारतीय वनों के ह्रास के कारणों और प्रभावों का वर्णन कीजिए। 3 + 3


**अथवा**

वस्तु-विनिमय से आप क्या समझते हैं ? इसकी असुविधाओं की विवेचना कीजिए। 2 + 4

## ( मानचित्र कार्य )

**निर्देश :** दिये गये भारत के मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइए :

28. (i) नर्मदा नदी  चिह्न द्वारा नाम सहित। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(ii) काली मिट्टी का क्षेत्र  चिह्न द्वारा। 1

(iii) दिल्ली ⊙ चिह्न द्वारा नाम सहित। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$



Scanned with CamScanner

(iv) सीमेंट उद्योग का एक केन्द्र ● चिह्न द्वारा नाम सहित। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(v) कोच्चि बन्दरगाह Δ चिह्न द्वारा नाम सहित। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

**( केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिये मानचित्र कार्य के विकल्प के रूप में )**

**निर्देश :** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए। मानचित्र का प्रयोग न कीजिए।

28. (i) भारत की राजधानी का नाम लिखिए। 1

(ii) नेपानगर क्यों प्रसिद्ध है ? 1

(iii) भाखड़ा नांगल बाँध किस नदी पर बना है ? 1

(iv) जयपुर किस राज्य में स्थित है ? 1

(v) किसी एक तेल शोधक कारखाना का नाम लिखिए। 1



Scanned with CamScanner